प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात **दिनांक- 09.08.2025**

थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए मु0अ0सं0 120/2025 धारा 310(3) बीएनएस व धारा 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित 03 नफर वांछित अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार ।

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 08.04.2025 को वादी श्री मनीष कुमार पुत्र रामचन्द्र निवासी ग्राम अकबरनगर थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात द्वारा तहरीर दी गयी कि दिनांक 06.04.2025 को रात्रि करीब 02.00 बजे 1.जयनरायन पुत्र बैजनाथ 2. बलराम पुत्र देवी प्रसाद 3.कमलेश पुत्र देवीप्रसाद 4.दिलीप पुत्र देवीप्रसाद 5. अनिल सिंह पुत्र जयनरायन निवासीगण ग्राम अकबरनगर थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात द्वारा एक राय होकर वादी के घर में घुस जाना और वादी के भाई संजय को उपरोक्त लोगों ने जातिसूचक गालियां देते हुए कुल्हाडी डन्डा, लाठी से हमला कर उसे मरणासन्न कर देना, वादी के भाई के सीने में अनिल सिंह पुत्र जयनारायन द्वारा कट्टा लगा देना और कैलाश धोबी द्वारा वादी के भाई को जहर पिला देना, उपरोक्त लोगों ने वादी के घर में मकान बनाये जाने हेतु रखे पैसे व पुश्तैनी सोने का जेवर लूट लेना, वादी के भाई के चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोस में रहने वाले वादी के चाचा राजेन्द्र, रमेश पुत्रगण लल्ली का आ जाना तथा उपरोक्त लोगों को ललकारने पर, उपरोक्त लोगों द्वारा जाते-जाते धमकी देना कि अगर इसकी शिकायत कहीं की तो तुम लोगों को भी जान से हाथ धोना पड़ेगा तथा दौराने इलाज वादी के भाई की मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध में थाना भोगनीपुर पर मु0अ0सं0 120/2025 धारा 310(3) बीएनएस व धारा 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त में थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए आज दिनाँक 09.08.2025 को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तगण 1. बलराम पुत्र देवी प्रसाद उम्र करीब 40 वर्ष 2. कमलेश पुत्र देवीप्रसाद उम्र करीब 35 वर्ष 3. दिलीप कुमार पुत्र देवीप्रसाद उम्र करीब 27 वर्ष निवासीगण ग्राम अकबरनगर, थाना भोगनीपुर, जनपद कानपुर देहात को मलासा रेलवे फाटक के पास थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात से गिरफ्तार किया गया। शेष अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण–

1. बलराम पुत्र देवी प्रसाद उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम अकबरनगर थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात।
2. कमलेश पुत्र देवीप्रसाद उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम अकबरनगर थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात।
3. दिलीप कुमार पुत्र देवीप्रसाद उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम अकबरनगर थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात।

बरामदगी - 1. घटना में प्रयुक्त एक अदद डण्डा

गिरफ्तार करने वाली टीम-

थाना भोगनीपुर पुलिस